Seat No. : ______________

# MQ-113-H

**March-2019**

**B.Com., Sem.-VI**

**CE-304(A) : Auditing-II**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. (A) एक कंपनी के अंकेक्षक के रूप में आपकी नियुक्ति की गई है । कंपनी का अंकेक्षण आरम्भ करने के पूर्व अंकेक्षक द्वारा ध्यान में रखने योग्य बातों की चर्चा कीजिए । **14**

**अथवा**

(i) धारा 208 के अन्तर्गत पूँजी में से ब्याज दिये जाने संदर्भ में कंपनी अधिनियम के प्रावधानों को लिखिए । **7**

(ii) "शेयर स्थानांतरण" के विषय में अंकेक्षक के कर्त्तव्यों को लिखिए । **7**

(B) निम्नलिखित उप-प्रश्नों के सही जवाब लिखिए : (कोई **चार**) **4**

(1) कंपनी के मेमोरन्डम ऑफ एसोसिएशन में निम्न में से कौन सी धारा समाविष्ट नहीं है ?
  (a) कंपनी के नाम की धारा
  (b) कंपनी की पंजीकृत ऑफिस का पता
  (c) सदस्यों के उत्तरदायित्व
  (d) शेयरधारकों के अधिकार, उत्तरदायित्व तथा साथ ही लाभांश के अधिकार

(2) कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार लाभ-हानि खाता दिनांक तथा उसे जारी किये जाने संबंधी सामान्य सभा की दिनांक के बीच की अवधि __________ से अधिक नहीं होनी चाहिए ।
  (a) 6 माह (b) 3 माह (c) 9 माह (d) 4 माह

(3) कंपनी अधिनियम की धारा 208 के अनुसार पूँजी में से ब्याज अधिक से अधिक कितना प्रतिशत दिया जा सकता है ?
  (a) 4% (b) 5% (c) 10% (d) 12%

(4) निम्न में से किस स्रोत में से बोनस शेयर नहीं दिया जा सकता है ?
  (a) सामान्य आरक्षित (b) पूँजी वापसी आरक्षित
  (c) पुनः मूल्यांकन आरक्षित (d) प्रतिभूति प्रीमियम

(5) दो बोनस इश्यु के मध्य कम से कम समयावधि कितनी होनी चाहिए ?
  (a) 12 माह (b) 24 माह (c) 36 माह (d) इनमें से कोई नहीं

(6) अपूर्ण भरपाई हुए इक्विटी शेयर को पूर्ण भरपाई हुए शेयर के रूप में जाहिर करने हेतु आवश्यक बोनस के अर्थ में प्रतिभूति प्रीमियम का उपयोग हो सकता है ।
  (a) नहीं
  (b) हाँ
  (c) यदि कंपनी के आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन में प्रावधान हो, तो हो सकता है ।
  (d) इस संबंध में कंपनी अधिनियम में कोई प्रावधान नहीं है ।

2. (A) अंकेक्षण रिपोर्ट में प्रयुक्त "सही और उचित" शब्दों का विचार समझाइए साथ ही अंकेक्षण रिपोर्ट तथा अंकेक्षण प्रमाण पत्र में अंतर समझाइए । **14**

**अथवा**

(i) अंकेक्षण रिपोर्ट का महत्त्व लिखिए । **7**

(ii) पूर्ण तथा सशर्त रिपोर्ट में अंतर लिखिए । **7**

(B) निम्नलिखित उप-प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए : (कोई **चार**) **4**

(1) अंकेक्षक अपनी रिपोर्ट किस पक्ष को संबोधित कर लिखता है ?

(a) कंपनी के शेयरधारक को (b) बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स को

(c) केन्द्र सरकार को (d) कंपनी सेक्रेटरी को

(2) यदि अंकेक्षक के सशर्त रिपोर्ट प्रस्तुत की हो, तो उसका परिणाम निम्नानुसार आता है :

(a) बॉर्ड ऑफ डायरेक्टर्स इस सशर्त में अपूर्णताओं का उत्तर बॉर्ड की रिपोर्ट में देता है ।

(b) बॉर्ड ऑफ डायरेक्टर्स को त्यागपत्र देना पड़ता है ।

(c) अंकेक्षक को त्यागपत्र देना पड़ता है ।

(d) केन्द्र सरकार कंपनी के शेयरधारकों को दंड कर सकती है ।

(3) अंकेक्षक का प्रमणपत्र किस पक्ष को संबोधित कर प्रस्तुत किया जाता है ?

(a) कंपनी के बॉर्ड ऑफ डायरेक्टर्स

(b) केन्द्र सरकार

(c) कंपनी के शेयरधारक

(d) किसी भी पक्ष को संबोधित नहीं किया जाता ।

(4) __________ का अर्थ संकलित की गई तथा विचारण पश्चात् जारी की गई हकीकतों का निवेदन है ।

(a) ऑडिट कार्यक्रम (b) रिपोर्ट

(c) ऑडिट पत्रक (d) इनमें से कोई नहीं

(5) अंकेक्षण रिपोर्ट की दिनांक इस प्रकार नहीं होनी चाहिए कि जो

(a) प्रबंधकों ने जिस दिनांक को हिसाब मंजूर किया हो उससे पहले की हो ।

(b) बॉर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की सभा में हिसाबों को मंजूर किया हो उसके बाद की हो ।

(c) वार्षिक सामान्य सभा की दिनांक हो ।

(d) (b) तथा (c) दोनों

(6) निम्नलिखित किन परिस्थितियों में पूर्ण रिपोर्ट जारी की जाती है ?

(a) जब लाभ हानि खाता सही लाभ या हानि को न दर्शाता हो ।

(b) बैलेंस शीट सही तथा उचित वार्षिक परिस्थिति को प्रदर्शित न करती हो ।

(c) हिसाबी लेखा नियमानुसार रखे गये हों ।

(d) हिसाबी लेखा की जाँच में कोई त्रुटि नजर आए ।

3. (A) बंटन योग्य लाभ क्या है ? बँटन योग्य लाभ की गणना के मार्गदर्शक सिद्धांत समझाइए । **14**

**अथवा**

(i) बंटन योग्य लाभ के संबंध में अंकेक्षक के कर्त्तव्य लिखिए । **7**

(ii) केशव लिमिटेड की अधोलिखित जानकारी के आधार पर 2017-18 का बंटन योग्य लाभ ज्ञात कीजिए । **7**

| **वर्ष** | **ह्रास पूर्व का लाभ / हानि (₹)** | **कंपनी अधिनियम के अनुसार ह्रास (₹)** | **असमाविष्ट ह्रास (₹)** |
|---|---|---|---|
| 2015-16 | – 2,80,000 | 4,20,000 | 3,00,000 |
| 2016-17 | – 2,00,000 | 2,80,000 | 1,80,000 |
| 2017-18 | + 12,50,000 | 2,50,000 | – |

(B) निम्नलिखित उप–प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए : (कोई **तीन**) **3**

(1) एक कंपनी का चालू वर्ष का लाभ ₹ 10,00,000 है । यदि कंपनी 14% की दर से लाभांश वितरण करना चाहे तो कंपनी अधिनियम के अनुसार सामान्य आरक्षित खाते में कितनी राशि जाएगी ?

(a) ₹ 25,000 (b) ₹ 50,000

(c) ₹ 75,000 (d) ₹ 1,00,000

(2) वह लाभ जो नियमानुसार रूप में शेयरधारकों में वितरण किया जा सके उसे कहते हैं :

(a) वितरणयोग्य लाभ (b) अशुद्ध लाभ

(c) आरक्षित लाभ (d) पूँजी लाभ

(3) निम्नलिखित में से कौन सा कथन वितरणयोग्य लाभ की गणना करने में मार्गदर्शक सिद्धांत नहीं है ?

(a) लेखा पद्धति के सामान्य रूप से स्वीकृत सिद्धांतों का अनुपालन होना चाहिए ।

(b) कंपनी अधिनियम के प्रावधानों का चुस्त रूप से अनुपालन होना चाहिए ।

(c) मेमोरण्डम तथा आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के नियमों का अनुपालन होना चाहिए ।

(d) किसी भी कीमत पर कंपनी की प्रतिष्ठा बनी रहनी चाहिए ।

(4) वितरणयोग्य लाभ के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सत्य नहीं है ?

(a) स्थायी मिलकतों पर ह्रास का प्रावधान किए बिना लाभांश नहीं वितरित किया जा सकता ।

(b) बॉर्ड ऑफ डायरेक्टर्स अंतरिम लाभांश जाहिर कर सकते हैं ।

(c) समावेशन के पूर्व के लाभ में से लाभांश नहीं जाहिर किया जा सकता है ।

(d) बॉर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की सिफारिश किये अनुसार लाभांश दर बढ़ाने की सत्ता सामान्य सभा में सभासदों को है ।

(5) निम्न में से कौन सा कथन लाभ अधिक दर्शाने का परिणाम नहीं है ?

(a) लाभांश पूँजी में से चुकाये गये में से उत्पन्न है ।

(b) इसके द्वारा ऋणपत्र धारकों तथा लेनदारों का हित रक्षण होता है ।

(c) अधिक लाभ के कारण करारोपण का उत्तरदायित्व बढ़ता है ।

(d) यह अधिक प्रबंधकीय पारिश्रमिक चुकाने से उत्पन्न है, यदि वह लाभ पर आधारित हो तब ।

4. (A) ऑडिट कार्यक्रम क्या है ? शैक्षणिक संस्था का ऑडिट कार्यक्रम तैयार कीजिए। **14**

**अथवा**

(i) ऑडिट कार्यक्रम तैयार करते समय किन बातों को ध्यान में रखेंगे ? **7**

(ii) ऑडिट तथा अन्वेषण में अंतर समझाइए। **7**

(B) निमन उप-प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (कोई **तीन**) **3**

(1) निम्नलिखित कौन सा कथन सही नहीं है

(a) अन्वेषण किसी विशेष हेतु के लिए हिसाबों की जाँच है।

(b) कंपनी अधिनियम के अन्तर्गत अन्वेषण अनिवार्य है।

(c) ऑडिट रिपोर्ट में अन्वेषण का विवरण का समावेश आवश्यक है।

(d) अन्वेषण हमेशा SEBI द्वारा जाहिर किए गए निर्देश अनुसार करना होता है।

(2) बिक्री के आँकड़े स्थिर रहने के बावजूद अशुद्ध लाभ में पर्याप्त वृद्धि हुई हो, तो उसकी जाँच में निम्नलिखित में से कौन सा मुद्दा सुसंगत नहीं है ?

(a) अशुद्ध लाभ के प्रतिशत के कारणों की जाँच।

(b) कच्चे माल की कीमत में हुई वृद्धि।

(c) अंतिम स्टॉक की कीमत अधिक आंकी गई हो।

(d) क्रय हिसाबों में अंकित करना रह गया हो।

(3) जहाँ धोखाधड़ी की आशंका हो, उस संबंध में अन्वेषण में निम्नलिखित में से कौन सी बात ध्यान देने योग्य होती नहीं ?

(a) नकद गबन की जाँच

(b) किसी प्रकार के धोखे की आशंका है

(c) कंपनी के डायरेक्टरों की अयोग्यता

(d) कितने समय तक अन्वेषण करना है यह निश्चित करना।

(4) ऑडिट कार्यक्रम तैयार करने के पहले निम्न किस बात का मिलान आवश्यक नहीं है ?

(a) प्रतिस्पर्धी द्वारा अपनायी हिसाबी पद्धति

(b) आंतरिक नियंत्रण पद्धति

(c) व्यवसाय अथवा संस्था की तकनीकी जानकारी

(d) पूर्व अंकेक्षक की रिपोर्ट

(5) किसी कॉलेज का ऑडिट कार्यक्रम बनाने में परिसम्पत्तियों तथा देयताओं की जाँच तथा मूल्यांकन के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन सत्य नहीं है ?

(a) हमेशानुसार हाथ में रोकड़ तथा बैंक सिलक की जाँच करनी चाहिए।

(b) स्टेशनरी तथा फर्नीचर का स्टॉक कॉलेज के स्टॉक रजिस्टर की शेष के साथ भौतिक रूप में सत्यापित होना चाहिए।

(c) सभी देनदारियाँ तथा देयताओं की उचित प्रविष्टि की गई है।

(d) किसी विशिष्ट से किया गया निवेश हिसाबी लेखा में उचित रूप से दर्ज किया गया होना चाहिए।